दिन–बुधवार दिनांक– 16 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सुचारू रूप से चल रहा है। अब तक छह करोड़ इक्यासी लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। यह कुल मतदाताओं की संख्या का छियासी दशमलव तीन–दो प्रतिशत है। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि मतदाता सूची से किसी का नाम काटने से पहले उन्हें नोटिस भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की अलग से सूची बनाई जायेगी। इस सूची को मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों को भी भेजा जायेगा।

———————————————————————————

मुख्यमुंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की तत्काल गणना करने और इन पदों पर नियुक्ति के लिए टीआरई फोर परीक्षा का आयोजन शीघ्र कराने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि शिक्षा विभाग इस संबंध में प्रक्रिया को जल्द पूरा करें। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में पैंतीस प्रतिशत राज्य की मूल निवासी महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। इस बीच शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए भरोसा दिया कि टीआरई फोर की परीक्षा आयोजित करने की कार्यवाही शीघ्र ही पूरी की जायेगी।

———————————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती के लिए आज से लिखित परीक्षा शुरू हो गई है। राजधानी पटना समेत सभी जिला मुख्यालयों में छह सौ सत्ताईस केन्द्रों पर आज पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का आयोजन किया गया। बीस जुलाई, तेईस जुलाई,

सत्ताईस जुलाई, तीस जुलाई और तीन अगस्त को भी परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने इक्कीस जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मानसून सत्र अगले महीने की इक्कीस तारीख तक चलेगा। इस सत्र के दौरान, कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगी। इधर, विपक्ष ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान और कई अन्य मुद्दों पर सरकार से सत्र के दौरान बहस कराये जाने का प्रस्ताव दिया है।

———————————————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश के साथ ही राज्य के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण गंगा समेत प्रदेश से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर समेत विभिन्न स्थानों पर लगातार बढ़ रहा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी खतरे के निशान के काफी करीब बह रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के रेवाघाट और हाजीपुर में लगातार बढ़ रहा है। इधर, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबद में खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक, कोसी, महानंदा, अधबारा समूह की नदियों समेत अन्य नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी की प्रवृत्ति बनी हुई है।

———————————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रिता से राज्य के अधिकतर स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार गया, रोहतास, नवादा, जमुई, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर समेत विभिन्न जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा हुई है। गया के डोभी में सबसे अधिक एक सौ छियासी दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में

कहा है कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अधिकांश भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी रहेगा। विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिलें में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————————

समाप्त